



# दशपुर कुंज में अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान गुमटी संचालकों का विरोध

▸ बीच सड़क पर बैठकर किया रास्ता जाम

**मंदसौर।** नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान मंगलवार को दशपुर कुंज क्षेत्र में उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब गुमटी संचालकों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए बीच सड़क पर बैठकर रास्ता रोको आंदोलन शुरू कर दिया। विरोध कर रही महिलाओं और पुरुषों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिससे सड़क पूरी तरह जाम हो गई और आवागमन कुछ समय के लिए बाधित रहा।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नगर पालिका का ट्रैक्टर कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचा ही था कि एक महिला ने ट्रैक्टर के सामने खड़े होकर उस पर अपना कब्जा जताने की कोशिश की। इससे माहौल और अधिक उग्र हो गया। विरोध कर रहे लोगों का आरोप था कि बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की जा रही है, जिससे उन्हें भारी नुकसान होगा।

हैरानी की बात यह रही कि मौके पर मौजूद दर्जनों लोगों और बढ़ते विवाद के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अथवा नगरपालिका का प्रतिनिधि समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों की अनुपस्थिति से विरोध कर रहे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया।

लगभग आधे घंटे तक चली नारेबाजी और विरोध के कारण नगर पालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को रोकना पड़ा और ट्रैक्टर भी वहीं खड़ा रह गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन तब तक पूरा क्षेत्र जाम की समस्या से जूझता रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन इसे नियमानुसार, पूर्व सूचना के साथ और संवाद स्थापित कर किया जाना चाहिए, ताकि टकराव की स्थिति न बने।

अंततः कुछ समय तक गतिरोध रहने के बाद नगर पालिका की टीम ने कार्रवाई स्थगित कर दी। विरोध कर रहे लोगों और अधिकारियों के बीच आगे क्या निर्णय होता है, इसका इंतजार किया जा रहा है।

## सांदीपनि विद्यालय लदुना में गीता जयंती पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन



**सीतामऊ।** गीता जयंती के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय लदुना में बुधवार को एक प्रेरणादायी एवं संस्कारमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य राधेश्याम बसेर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामूहिक गीता पाठ रहा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने भक्तिभाव से भाग लिया।

कार्यक्रम में शिक्षक गोपाल पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय का भावपूर्ण वाचन करते हुए उल्टे अश्वत्थ वृक्ष के माध्यम से वैराग्य, निष्काम कर्म और आत्मस्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल व्याख्या प्रस्तुत की।

ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम भागवताचार्य पं. राजेश राजोरा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में नैतिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करना था। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ, ब्लॉक विकासखंड अधिकारी सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमति शक्तावत ने किया तथा आभार शीतल कुमार जैन ने व्यक्त किया।

## स्टार्च फैक्ट्री पर धरना प्रदर्शन

**मन्दसौर।** स्टार्च प्रबंधन के द्वारा श्रम कार्यालय में चर्चा के दौरान 28 नवम्बर तक मजदूरों को बढ़े वेतन के एरियर तथा बकाया बोनस का भुगतान कर दिया जावेगा, लेकिन भुगतान नहीं हुआ जिससे मजदूरों में भारी रोष है। मजदूरों ने लाल झण्डे की रहनुमाई में 29 नवम्बर से धरना प्रदर्शन तथा मीटिंगों का सिलसिला प्रारंभ कर दिया है जो मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा। सीटू के राज्य सचिव के आने की संभावना है। सीटू जिला महासचिव गोपालकृष्ण मोड़ ने बताया कि केन्द्र सरकार ने श्रम कानूनों को समाप्त कर श्रम न्यायालय की भूमिका नगण्य कर श्रमिकों को मालिकों के सामने निहत्था कर दिया है, लेकिन हमारे हाथ में सीटू का लाल झण्डा है जो हमें संघर्ष की राह दिखाता है। यूनियन के साथी अशोक सौलंकी, भागीरथ, सागर, हरलाल, साजिद, इकबाल, जगदीश, शेरसिंह, मुकेश तथा दैनिक वेतन भोगी यूनियन के महासचिव ने नारेबाजी कार्यक्रम में भाग लिया।

## 12 साल से फरार दो स्थायी वारंटी आरोपी गिरफ्तार

▸ मादक पदार्थ तस्करी मामले में सफलता, थाना प्रभारी अभिषेक बोरासी व टीम की सराहना



**शामगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना (भा.पु.से.) के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कूरील के पर्यवेक्षण में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2012 से मादक पदार्थ तस्करी प्रकरण में फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतामऊ दिनेश प्रजापति के निर्देशन में थाना प्रभारी शामगढ़ उनि अभिषेक बोरासी व पुलिस टीम ने आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ताराचंद पिता लक्ष्मीनारायण तिवारी (उम्र 52, निवासी शामगढ़) और रामप्रकाश उर्फ प्रकाश गंजा पिता मांगीलाल बलाई (उम्र 53, निवासी आलमगढ़, शामगढ़) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी वर्ष 2012 के प्रकरण क्रमांक 12/2012, अपराध क्रमांक 115/2012, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में माननीय न्यायालय अति. विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, गरोठ के समक्ष पेश होना था, लेकिन लगातार फरार रहने पर अदालत ने 29 नवंबर 2025 को स्थायी वारंट जारी किया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों फरार आरोपियों को दबोचकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस सफल कार्रवाई में उनि अभिषेक बोरासी, उनि राजूसिंह अहिरवार, प्रआर धनपाल जाट, आर हीरालाल यादव, और आर विशाल सिंह चंद्रावत का विशेष योगदान रहा, जिसकी प्रशंसा की गई है।

## खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन एस लीग का हुआ शुभारंभ




**मंदसौर।** जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय हॉल मंदसौर में खेलो इंडिया अस्मिता वूमेनश्एस लीग पेंचक सिलाट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से 250 खिलाड़ी भाग लेने पहुंचे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी तेरसिंह बघेल कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष हितेश शुक्ला विशेष अतिथि थाना प्रभारी सिटी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, यंग प्रेस क्लब अध्यक्ष चरण राजपाल सिंह, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सचिव शाहिद चौधरी, खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सचिव अभय श्रीवास, पूर्व डीएसपी पुलिस विभाग अब्दुल रशीद खान उत्कृष्ट विद्यालय के प्रिंसिपल रविंदर कुमार दवे मंचासीन थे।

सभी अतिथियों ने बाहर से आए कोच मैनेजर रेफरी अभिषेक शर्मा, मोहन मीणा, दिव्यांशु शर्मा, भारत खंडेलवाल, शशांक बैरागी नीलम मीणा, दीक्षा सेन, अंशु पटेल, जैनब खान, महिमा पटेल, जागृति योगी, वैष्णवी झाला, धवल कुमावत, यश हीवे, तुलसी बैरागी, शीतल राठौर, असमा बी, संदीप आर्य, कृष्ण गढ़िया, साहिल बोरीवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने दिया उन्होंने कहा कि हमारी संस्था 29 साल से खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर मंदसौर के बालक एवं बालिकाओं को नेशनल एवं इंटरनेशनल स्तर पर पहुंचाने का काम किया है हमारी संस्था के कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स कोटा से नौकरी में पदस्थ है। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग विजेंद्र देवड़ा सर ने बताया कि खेलो इंडिया वूमेन एस लीग पेंचक सिलाट प्रतियोगिता मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स एवं भारतीय प्राधिकरण साई द्वारा कराई जाती है जिससे बालिकाओं को एक प्लेटफार्म मिले जिससे बालिकाओं में खेल के प्रति जागरूकता बड़े।



## शक्तिशाली श्वास क्रिया सीखने का स्वर्णिम अवसर

**मंदसौर।** श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा मंदसौर में हैप्पीनेस प्रोग्राम 4 दिसंबर से 7 दिसम्बर तक आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर, नंदा नगर में आयोजित किया जा रहा है। यह सायं कालीन शिविर है। जिसमें जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी।

विश्व के 186 देशों में यह कोर्स आयोजित किया जाता है, और लगातार इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। अन्य प्रक्रियाओं के अतिरिक्त श्वास की शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है, जो जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से अद्भुत परिवर्तन लाती है।

आर्ट ऑफ लिविंग के शैलेन्द्र माथुर ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस सायंकालीन शिविर में भाग लेकर जीवन को हर दिन ऊर्जावान रहकर उत्सव की तरह जिएं।

## आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वर मसा को संघ हित चिंतक अलंकरण

▸ भव्य मोक्ष माल समारोह में प्रदान किया गया पहला स्वीकार किया गया अलंकरण

**पिपलियामण्डी।** बही पार्श्वनाथ तीर्थ में उपधान तप के सफल समापन के बाद आयोजित भव्य मोक्ष माल समारोह में आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वर मसा को समाजत की ओर से संघ हित चिंतक अलंकरण से सम्मानित किया गया। आचार्यश्री के 44 वर्ष के संयम जीवन में यह पहला अलंकरण है, जिसे उन्होंने स्वीकार किया, जिससे यह अवसर और भी विशेष बन गया।

समारोह में आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक कुमठ ने भावपूर्ण उद्बोधन देते हुए कहा कि आचार्यश्री अनेक सद्गुणों से सुशोभित उस डाली के समान हैं, जिस पर विभिन्न गुणों के पुष्प एक साथ खिले रहते हैं— सरलता, विनम्रता, समर्पण और अनुशासन उनका वास्तविक आभूषण हैं। उन्होंने 450 से अधिक मंदिरों के जिर्णोद्धार को समाज के प्रति उनकी समर्पित भावना का अनूठा उदाहरण बताया। समारोह का संचालन संगीतकार दीपक करणपुरिया ने किया। अलंकरण पट्ट अनावरण का लाभ इंदौर निवासी मैनाबाई चिरंजीलाल कटारिया परिवार ने लिया। परिवार के सदस्यों ने मंच पर पहुँचकर आचार्यश्री को अलंकरण अर्पित किया और प्रथम गुरु पूजा का भी लाभ लिया। आनंदराज कटारिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्य निपुणरत्न सूरीश्वर मसा जैसा संत जीवन अत्यंत दुर्लभ है और उनका वंदन करना सौभाग्य की बात है।

### 6 जनवरी को रतलाम की ओर विहार

आचार्यश्री 6 जनवरी को रतलाम के लिए विहार करेंगे, जहाँ मंदिर प्रतिष्ठा में अपनी पावन निश्रा प्रदान करेंगे। इसके बाद वे पुनः बही पार्श्वनाथ तीर्थ लौटकर 12 से 16 जनवरी तक आयोजित अट्ठम तप में साधकों को मार्गदर्शन देंगे।

## पार्षद संगीता गोस्वामी ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर की मांग

**मंदसौर।** 2 दिसम्बर को वार्ड नं. 26 की पार्षद संगीता गोस्वामी द्वारा अपने प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी के माध्यम से कलेक्टर अदिती गर्ग को उनके कार्यालय में ज्ञापन देकर भगवान पशुपतिनाथ मेला आयोजन में उपयोग की गई अन्य मंदिर की भूमि से प्राप्त आय संबंधित मंदिर के जीर्णोद्धार में उपयोग करने की मांग की।

ज्ञापन में श्रीमती गोस्वामी ने कहा कि वर्तमान में नगरपालिका परिषद मन्दसौर द्वारा भगवान पशुपतिनाथ मेले का आयोजन किया गया है।

उक्त मेले के आयोजन में श्री भगवान पंडरीनाथ मंदिर की भूमि, श्रीनाथ मंदिर की भूमि व ढाई दिन का झोपड़ा जिसके प्रबंधक कलेक्टर महोदय है उक्त भूमि का उपयोग नगरपालिका परिषद मन्दसौर द्वारा मेले में किया गया है जिससे नगरपालिका को लगभग 1.5 करोड़ की आय प्राप्त हुई है। वर्तमान में दोनों मंदिर क्षतिग्रस्त होकर रंगाई पुताई का कार्य भी होना आवश्यक है।

**एक नजर** ▸ दिव्यांग बच्चों का सामर्थय प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई, दिव्यांग बच्चों ने लिया भाग

**सीतामऊ।** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान, सीतामऊ के तत्वावधान में विकासखण्ड सीतागऊ के विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगित्ता एंव सामर्थ्य प्रदर्शन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक कोमल राठोर ने बताया कि शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग बालक, बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़, चेयर रेस सामर्थ्य प्रदर्शन के अंतर्गत चित्रकला तथा रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 65 बालक-बालिका उपस्थित हुए। कार्यकम के मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नागुलाली मालवीय ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग बच्चों को प्रेरित करते हुए अपनी क्षमता अनुसार कार्य करने पर बल दिया। पालकों और शिक्षकों को उक्त बच्चों की प्रतिभा को निखारने हेतु हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को सुमित रावत उपाध्यक्ष नगर पंचायत सीतामऊ, सभापति विवेक सोनगरा, विजय गिरोठीया, राजेन्द्र राठोर, मंडल महामंत्री प्रशांत चतुर्वेदी, घनश्याम राठौर, जिला प्रतिनिधि के रूप में श्री रामलाल लोधवार का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले समस्त बच्चों को प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार वितरित किए गए। सुमित रावत ने भारत के तथा विश्व के उन दिव्यांग व्यक्तियों के कार्य को बताया जो कि दिव्यांग होते हुए भी विश्व पटल पर चर्चित हुए तथा ऐसे समस्त व्यक्तियों के प्रेरणास्त्रोत बने। कार्यक्रम के अंत में विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री भगवतीलाल शर्मा ने आभार व्यक्त कया।

## एक नजर में

### बच्चे ही हमारी मातृभाषा का भविष्य : मुकेश होतवानी



**मंदसौर।** कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में शनिवार को सिन्धी भाषा व संस्कृति पर आधारित फ़िल्म 'हा मा भी सिन्धी अहिया' का विशेष शो आयोजन किया गया, जिसमें समाजजनों का व्यापक जनसैलाब उमड़ पड़ा। फ़िल्म में मातृभाषा के महत्व और बच्चों में सिंधी भाषा के घटते उपयोग पर सार्थक संदेश दिया गया है। कार्यक्रम में संत कंवरराम गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष मुकेश होतवानी ने कहा कि आज बच्चों में मातृभाषा के प्रति लगाव कम होता जा रहा है, जबकि बच्चे ही हमारी भाषा के भविष्य की नींव हैं। उन्होंने समाज को भाषा संरक्षण व प्रसार के लिए आगे आने की अपील की। नितेश सतीदासानी ने फ़िल्म की सराहना करते हुए कहा कि फ़िल्म, गीत और नाटक हमारी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के प्रभावी माध्यम हैं। बच्चों को ऐसी फ़िल्में अवश्य दिखाई जानी चाहिए। मदनलाल हासानी ने कहा कि फ़िल्में समाज का आईना होती हैं और इनमें प्रस्तुत संदेश बच्चों व समाज को दिशा देते हैं। वहीं प्रकाश कल्याणी ने इसे सिन्धी भाषा और सामाजिक एकता के लिए मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर चंदानी परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में काऊ सेठ जजवानी, प्रीतम खेमानी, कैलाश मनवानी, मनोज सेवानी, ललित कोटक, विनोद कोठारी सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### दशपुर रंगमंच में मनाया उदित नारायण का जन्मदिन, भव्य संगीत साँझ का आयोजन किया



**मन्दसौर।** मशहूर पार्श्वगायक उदित नारायण के जन्मदिन पर नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा भव्य संगीत-साँझ का आयोजन किया गया। समारोह में युवा संगीत कलाकारों ने उदित जी के प्रसिद्ध गीतों को भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे श्याम गुप्ता ने गीत ''जादु तेरी नजर, आबिद शाह ने गीत गाया ''जानम देख लो मिट गई दुरिया'', तन्मय हांडा ने गीत ''मेंहदी लगा के रखना डोली सज़ा के रखना'' सुनाया। लतेश व लाजवंती हाड़ा ने गीत ''कितना प्यारा है ये चेहरा'' सुनाया। सतीश सोनी ने गीत ''घर से निकलते ही कुछ दूर चलते ही'' गाया। स्वाति रिछावरा ने गीत ''पहला नशा पहला खुमार'' गीत गाया। हिमांशु वर्मा ने ''न जाने मेरे दिल को क्या हो गया'', योगेश गोविंदानी ने ''मुसाफिर जाने वाले, नहीं फिर आने वाले'' सुनाया। राजा भैया सोनी ने गीत ''आए हो मेरी जिंदगी में तुम बहार बनकर'' सुनाया। सभी संचालन कर रहे अभय मेहता ने उदित जी के साथ गुजारे हुए क्षणों कोई याद किया और बताया बड़े ही सहज सरल और विनम्र व्यक्ति हैं। अंत में आभार ललिता मेहता ने आभार व्यक्त किया।

### महेश जैन तहलका बने आराधना भवन श्रीसंघ अध्यक्ष, हुआ बहुमान



**मंदसौर।** महेश जैन तहलका के आराधना भवन श्री संघ नई आबादी के अध्यक्ष मनोनीत होने पर कमल कोठारी के निवास स्थान पर महेश जैन का बहुमान किया गया। कमल कोठारी ने कहा की जिनशासन के प्रति सच्ची निष्ठा संपर्पण से कार्य करने वाले महेश जैन आगे भी सभी को साथ लेकर जिनशासन के मार्ग पर चलकर धर्म ध्वजा वाहक बनकर जिनशासन की सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर अमित छिंगावत, निलेश जैन बम्बोरिया, अनिल जैन फ्लाकिंग, ललित भंडारी, राजेश काठेड आदि ने बहुमान किया।

### गीता जयंती पर सब जेल गरोठ में श्रीमद् भगवद्गीता पाठ का आयोजन



**गरोठ।** गीता जयंती के पावन अवसर पर सब जेल गरोठ में शासन के निर्देशानुसार बुधवार को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेल परिसर में साउंड सिस्टम की व्यवस्था कर श्रीमद् भगवद्गीता के 15वें अध्याय - पुरुषोत्तम योग का सामूहिक पाठ कराया गया, जिसमें सभी बंदीगण और सम्पूर्ण स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पढ़े-लिखे बंदियों ने भी पाठ में सक्रिय सहयोग दिया। सामूहिक रूप से गूंजता गीता पाठ का दृश्य बेहद मनमोहक रहा, जिसने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। जेलर सी.एल. परमार ने बताया कि श्रीमद् भगवद्गीता मानव जीवन को सुधार की दिशा देने वाली सर्वोत्तम पुस्तक है। इसके नियमित अध्ययन से मन के नकारात्मक विचार दूर होते हैं और व्यक्ति अपराध के मार्ग से हटकर सत्कर्म की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन बंदियों के चरित्र निर्माण और नैतिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम जेल प्रशासन की उस पहल का हिस्सा है, जिसके माध्यम से कैदियों को आध्यात्मिक ज्ञान देकर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### मिर्जापुरा विद्यालय शिक्षक दिनेश कुमार भिंडवाल हुए सेवानिवृत्त



**मन्दसौर।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मिर्जापूरा से दिनेश कुमार भिंडवाल सहायक शिक्षक सेवानिवृत हुए। भिंडवाल ने शिक्षा विभाग में 42 वर्ष 10 माह की सेवा पुरी की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर आनंद कुमार डाबर, संकुल प्राचार्य विजय सिंह पुरावत, विकास दशोरा जनपद सदस्य, चंद्र प्रकाश वैष्णव पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अघोरिया, राहुल दशोरा उप सरपंच ग्राम पंचायत अघोरिया, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ से श्याम सुंदर देशमुख, अखिलेश मेहता, महेश कुमार भिंडवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।